केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितीय तल, बी विंग, अगस्त क्रांति भवन
भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066.

संचिका सं. CICOM/R/2017/01216 दिनांक 03.10.2017

सेवा में,

श्री कृष्ण कुमार, एडवोकेट,

विषय- आयोग में प्राप्त आपके आर.टी.आई. आवेदन के संबंध में सूचना ।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक आपका दिनांक 22.09.2017 का आर.टी.आई. आवेदन जो कि केन्द्रीय सूचना आयोग में दिनांक 28.09.2017 को डायराइज हुआ (डायरी सं. 168400) तथा दिनांक 29.09.2017 को आर.टी.आई. प्रकोष्ठ में प्राप्त हुआ, के संदर्भ में वांछित सूचना निम्नानुसार है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | बिंदु सं. 1 एवं 2 | आपके द्वारा मांगी गई सूचना का धारक केन्द्रीय सूचना आयोग नहीं है । कृपया सूचना से संबंधित कार्यालय के समक्ष आवेदन दाखिल कर सूचना प्राप्त करें । उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय सूचना आयोग का जन सूचना अधिकारी केवल केन्द्रीय सूचना आयोग से संबंधित सूचनाएं ही प्रदान कर सकता है । साथ ही यह भी उल्लेख किया जाता है कि केन्द्रीय सूचना आयोग सूचना अधिकार अधिनियम के तहत केवल केन्द्रीय सरकार एवं संघ शासित प्रदेशों के अधीन कार्यरत विभागों/कार्यालयों के विरुद्ध द्वितीय अपीलीय अधिकरण है । |

**आपके आवेदन के संदर्भ में यह भी उल्लेख किया जाता है कि सूचना अधिकार अधिनियम के तहत आर.टी.आई. आवेदन हेतु निर्धारित शुल्क मात्र दस रु0 है, अत: आपके आवेदन के साथ संलग्न दस रु0 का अतिरिक्त भारतीय पोस्टल आर्डर सं. 31 एफ 816462 आपको वापस किया जाता है ।**

यदि आप उपरोक्त सूचना से संतुष्ट नहीं है तो इस सूचना की प्राप्ति के 30 दिनों के अंदर प्रथम अपील श्री आर. के. सिंह, अपर सचिव एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी, केन्द्रीय सूचना आयोग, अगस्त कांति भवन, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली- 110066, दूरभाष सं. 011-26162290 पर की जा सकती है ।

**संलग्नक - दस रु0 का अतिरिक्त भारतीय पोस्टल आर्डर सं. 31 एफ 816462 ।**

(ए. के. शर्मा)
केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी,
आर.टी.आई.सेल